तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 वार्ड 22 कुरुद बदहाल, नालियां जाम, सड़कें ...



11 बिजली बिल की बढ़ोत्तरी, युवा कांग्रेस ने निकाली ...




## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता होरीलाल ने शिक्षा मंत्री से की भेट मुलाकात

**बेमेतरा।** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता होरीलाल सिंहा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से नया रायपुर स्थित निवास में भेंट मुलाकात किए । इस दौरान श्री सिन्हा ने शिक्षा मंत्री से बेमेतरा जिले की शिक्षा व्यवस्था एवं जिले में स्कूल भवनों व सहित विभिन्न मांगों तथा विषयों पर विस्तार से चर्चा की । इस दौरान मंत्री गजेंद्र यादव ने उनकी मांगों एवं सुझाव पर गौर करते हुए स्कूली शिक्षा की मजबूती पर आधारित ठोस प्रयास प्रदेश में किए जाने वाले कार्यों को साझा करते हुए कहा कि प्रदेश के छात्र छात्राओं के भविष्य को गढ़ने का कार्य किया जाएगा।

### करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**नवागढ़।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह एवं रामकुमार ठाकुर अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ रायपुर में होने वाली क्षत्रिय महापंचायत हेतु आमंत्रण देने गुरुवार को नवागढ़ पहुँचे। नगर में प्रवेश करते ही ठाकुर समाज व क्षत्रिय समुदाय ने पारंपरिक व स्वागतयोग्य शैली में उनका भव्य स्वागत किया। पुष्पवर्षा और जयघोष कर नगर प्रवेश कराया। दल सबसे पहले नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पहुँचा, जहाँ डॉ. राज शेखावत सहित सभी पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। क्षत्रिय वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाजजनों ने एकता और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद आमंत्रण टीम ने समाजजनों को रायपुर में आयोजित होने वाली महापंचायत की रूपरेखा से अवगत कराया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों, युवाओं और महिलाओं ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने का विश्वास दिलाया।

## तस्करी : रात के अंधेरे में हो रहा खनन व परिवहन का खेल

# अवैध मुरम-मिट्टी तस्करी के लिए हॉटस्पॉट बना भिम्भौरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

राजधानी रायपुर से लगे बेमेतरा के सीमावर्ती नवीन तहसील भिम्भौरी तहसील क्षेत्र में अवैधानिक रूप से मुरम और मिट्टी खनन व परिवहन का गम्भीर मामला सामने आ रहा है। जिसमे रात के अंधेरे में शासन-प्रशासन की कार्यवाही से बेखौफ मुरम-मिट्टी तस्कर धड़ल्ले से मुरम तस्करी के गैरकानूनी कार्य को अंजाम दे रहे है। इन दिनों स्थिति यह है, कि इलाके के अनेकों गांवो में मुरम खनन व परिवहन के ताज़ा प्रमाण स्पष्टतः देखने को मिल रहा है, वही इस अवैधानिक गतिविधियों से क्षेत्र के ग्रामीण लोग भयभीत व नाराज़ है।

फिलहाल रात होते ही मुरम-मिट्टी खनन के खुफिया स्पॉट पर जेसीबी, हाइवा व अन्य साधनों का जमावड़ा देखने को मिलता है, जिससे शासन-प्रशासन को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। जबकि इस गतिविधि से ग्रामीण क्षेत्र की सड़क व प्राकृतिक ताने-बाने को काफी क्षति पहुच रही है। बताया जा रहा है कि भिम्भौरी क्षेत्र में यह मुरम तस्करी का यह कारोबार जिम्मेदार आला-अफसरों की जानकारी में खुलेआम हो रहा है । ग्रामीणों का कहना है कि जवाबदेही के लिए प्रशासन द्वारा महज औपचारिक कार्यवाही की भूमिका अदा किया जा रहा है जिसके कारण मुरम-मिट्टी माफियाओं के हौसले जमकर बुलन्द है। दरअसल नवीन भिम्भौरी तहसील क्षेत्र में दर्जनों मुरम-मिट्टी खननकर्ता एवं परिवहनकर्ता सक्रिय है, जो क्षेत्र की खनिज संपदा को अवैधानिक रूप से निकटवर्ती राजधानी रायपुर क्षेत्र सहित दीगर ज़िलों में खपा रहे है। लिहाजा ग्राम गुधेली, चंडी, नेवनारा, घटिया, मौलीभाठा, हसदा, खमतराई, ढाबा, कुम्ही, गोड़गिरी, पिरदा, उफरा, बोरसी, बेरलाकला सहित अन्य कई गांवों में जगह-जगह बेतरतीब गड्ढे देखे जा रहे है।



### गैरकानूनी कार्य के लिए हॉटस्पॉट बन रहा ये इलाका

उल्लेखनीय है, कि यह सरहदी भिम्भौरी क्षेत्र जलिा एवं विकासखण्ड मुख्यालय से सुदूर होने के कारण प्रशासनिक पकड़ कमजोर है। वही प्रदेश की राजधानी रायपुर व इन इलाकों के बीच महज खारुन नदी प्रवाहित होता है। जिससे राजधानी के करीब दीगर जिले का सीमावर्ती इलाका होने का फायदा यह है कि क्षेत्र में अवैध एवं गैरकानूनी कार्य के लिए हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। जिस पर स्थानीय स्तर से लेकर तहसील, विकासखण्ड एवं जिला स्तर के विभागीय अफसरों को गम्भीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

# पुलिस ने बड़ी चोरी का किया खुलासा, 72,500 रुपए का माल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ मुख्य आरोपी पंकज बैरागी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त रॉड भी जब्त

थाना थान खम्हरिया पुलिस टीम ने चोरी के एक प्रकरण का सफल खुलासा करते हुए चोरी गया सोना-चांदी, मूर्तियाँ, सिक्के और नगदी सहित कुल 72,500 रुपए का माल बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

प्रार्थीया सीताबाई रामटेके (60) निवासी वार्ड 05 थानखम्हरिया के अनुसार, 12 अक्टूबर 2025 को घर के चैनल गेट और कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी का लॉकर फोड़कर पुरानी इस्तेमाल की हुई 02 तोला सोने का कंगन, चांदी का आइठी, 05 चांदी के सिक्के, सोने की फूल्ली और 1 लाख नकद चोरी कर लिया था। इस शिकायत पर थाना खम्हरिया में धारा 305(ए), 331(3), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

जांच के दौरान पूर्व में पकड़े गए एक विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ में उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया।

उसके कब्जे से— सोने-चांदी के जेवर,चांदी की मूर्तियाँ, चांदी के सिक्के, कुल कीमत 32,500 रुपए साथ ही लोहे का रॉड जप्त किया गया। बालक को 17 अक्टूबर को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया था।


जांच में सामने आया कि आरोपी पंकज बैरागी ने जानबूझकर चोरी के 2 सोने के कंगन खरीदकर रायपुर में 70,000 रुपए में बेच दिए थे। इस रकम में 30,000 उसने खाने-पीने में खर्च कर दिया एवं 40,000 वह अपने पास रखे था राशि और संबंधित सामान पुलिस ने जप्त कर लिया है।

# पीएचसी जेवरा में स्टाफ की भूमिका पर सीएमएचओ को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेवरा में स्टाफ की भूमिका और व्यवस्था को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश घृतलहरे और ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि केंद्र में पदस्थ फार्मासिस्ट भीष्म नारायण देवांगन डाक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जबकि वार्ड बॉय थानूराम साहू द्वारा वार्ड में साफ सफाई एवं अपने कार्यों से हटकर फार्मासिस्ट बनकर दवाई वितरण का कार्य किया जा रहा है। इसे नियमविरुद्ध बताते हुए सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश घृतलहरे ने बाकायदा अपने शिकायत पत्र के साथ मरीजों का फार्मासिस्ट द्वारा इलाज एवं जांच करते फोटो की कापी भी सौंपा है। उधर इस मामले में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े का कहना है कि केंद्र में डॉक्टरों की कमी के कारण स्टाफ कभी-कभी अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ निभाता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच और दवाइयों के वितरण में स्टाफ सहयोग करता है।

स्वास्थ्य मंत्री कर चुके हैं औचक निरीक्षण, डॉक्टर गायब – दवा अमानक, मशीनें बंद मिली थी- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस वर्ष के 23 अगस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण भी कर चुके हैं इस दौरान कई खामियों सामने आई थी जिसमें अस्पताल में दवाएँ अमानक पाई गईं, लैब मशीनें खराब निकलीं और पानी की आपूर्ति बंद मिली। डॉक्टर भी ड्यूटी से नदारद थे। मंत्री ने मौके पर ही बीएमओ–सीएमएचओ को फोन कर फटकार लगाई और एक हफ्ते में सभी व्यवस्थाएँ सुधारने का आदेश दिया था ।इस दरमियान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर समस्याएँ जानीं और निरीक्षण पंजी पर अपनी टिप्पणी दर्ज भी किए थे । इस दौरान सोसायटी भाजपा नेता एवं सहकारी समिति अध्यक्ष प्रबल सिंह व सरपंच महेंद्र पाटिल ने मंत्री को मांग पत्र सौंप कर स्थायी जल आपूर्ति, पूर्णकालिक लैब टेक्निशियन, हाई-टेक मशीन, आहाता और स्टाफ क्वार्टर की मांग रखी थी ।अब नई शिकायतों के बाद यह मामला फिर से सुर्खियों में है।



### एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं तो घेराव की चेतावनी

अविनाश घृतलहरे ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर दोनों कर्मचारियों पर जांच और उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो ग्रामीण सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करने बाध्य होंगे। उन्होंने इस स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन पर बताई है।ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। वहीं विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं कि डॉक्टरों की कमी दूर होने तक वैकल्पिक व्यवस्था अपनाई जाती है। अब मामले की अंतिम दिशा सीएमएचओ कार्यालय द्वारा की जाने वाली जांच के बाद तय होगी।

# विद्युत विभाग की टीम ने बकायदार 131 उपभोक्ताओं काटी लाइन

**बेमेतरा।** विद्युत विभाग बिजली बिल का भुगतान लंबे समय से नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद करने एवं उप संभाग स्तर पर बकाया राशि वसूली करने विशेष अभियान चला रही । इसी अभियान के तहत शुक्रवार जहां 131 उपभोक्ताओं का लाइन काटा गया जिसका 22 लाख 56 हजार बकाया था वहीं 70 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही 5 लाख 56 हजार की बकाया राशि जमा कर दी जिसके उपरांत विभाग ने उनकी बिजली सप्लाई लाइन चालू कर दी गई । गौरतलब है कि बिजली विभाग ने बेमेतरा संभाग के 10 कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंताओं ▶▶|शेष पेज 11 पर






## पराली जलाने से पर्यावरण दुष्प्रभावों पर की चर्चा

# बेमेतरा के किसानों को पराली प्रबंधन पर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ वैज्ञानिक उपायों और सरकार की योजनाओं के माध्यम से किसानों को किया गया प्रोत्साहित

जिला कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण यहां बड़ी संख्या में किसान रबी फसलों की तैयारी के लिए पराली जलाने की पारंपरिक पद्धति बीते कई वर्षों से अपनाते आ रहे हैं , जिससे पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा मिट्टी की उर्वरता पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसी के मद्देनज़र ग्राम गड़ुआ, विकासखंड साजा में किसानों को पराली नहीं जलाने एवं उसके वैज्ञानिक प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जिले की 80 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। खरीफ के 2.25 लाख हेक्टेयर रकबे में से लगभग 2.05 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है, जिसके बाद खेतों में पराली बड़ी मात्रा में शेष रह जाती है। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे सांस, आंख और त्वचा से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही मिट्टी के पोषक तत्वों का नष्ट हो जाना अगली फसल की उत्पादकता को प्रभावित करता है। किसानों को पराली प्रबंधन के विभिन्न वैकल्पिक उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि पराली को मिट्टी पलटने वाले हल की सहायता से खेत में दबाकर खाद के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त डी-कंपोजर के प्रयोग से पराली को आसानी से सड़ाकर जैव-खाद में बदला जा सकता है। हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसी आधुनिक मशीनें पराली ▶▶|शेष पेज 11 पर



**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विशेष शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम कोलिहापुरी में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव सिखाता है। तथा घर से दूर रहकर छात्राएं सामाजिक सद्भाव एवं सामंजस्य की शिक्षा प्राप्त करते है। पर्यावरण के प्रति जागरुकता एवं स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य करते है। माध्यमिक विद्यालय की प्रधानपाठिकासुनीति दुबे ने कहा कि स्वयंसेविकाओं के माध्यम से हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों को अनुशासन की प्रेरणा प्राप्त होती है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साव ने छात्राओं द्वारा किये गये स्वच्छता, एवं अध्यापन कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा यादव ने सात दिवसीय विशेष शिविर में किये जाने वाले बौद्धिक परिचर्चा, श्रमदान, पीटी, योगा, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता जागरुकता के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कु. तृप्ति साहू, कु. टिंवकल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, ग्राम पंचायत के सरपंच ईश्वर साहू, उपसरपंच, पंच, शिक्षकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहें। विमल यादव, विजय चन्द्राकर, खुशबू साहू, कु. चंचल यादव, कु. हुनेश्वरी कीसहभागिता रही।

### डाटा सेंटर में अधिकारियों ने दिलाई शपथ

**दुर्ग।** नपानि आयुक्त सुमित अग्रवाल के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों ने नगर निगम के डाटा सेंटर एवं निगम कार्यालय कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना के बारे में जानकारी दी और राष्ट्र की एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।
26 नवंबर 1949 को संविधान अपनाया गया था, जिसे हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। सामूहिक रुप से संविधान की प्रस्तावना की जानकारी दी।

# सड़क डामरीकरण की गुणवत्ता पर महापौर अल्का ने दिए सख्त निर्देश

## 50 लाख से अधिक लागत के डामरीकरण कार्य का महापौर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ वार्ड 36 एवं 53 में जारी डामरीकरण एवं बीटी रिपेयर सड़क कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

- **गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण सड़क निर्माण सर्वोपरि**

इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और मजबूती की जानकारी ली। वार्ड 36 में पानी टंकी से मेन रोड तक पुलिस ग्राउंड के पास लगभग 20 लाख की लागत से हो रहे बीटी रिपेयर डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। वहीं वार्ड 53 में न्यू आदर्श नगर, ज़ोन 3 मार्ग 8 कात्यायनी मंदिर गेट से मुकेश दिल्लीवार के घर तक 39 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया गया।

महापौर बाघमार ने कार्यस्थल पर सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग एवं दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अच्छी और मजबूत सड़कें नागरिकों की सुगमता एवं सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक हैं, इसलिए गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### नालियों व जल निकासी व्यवस्था बनाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर व आयुक्त ने सड़क की ढलान, जॉइंटिंग, सब-बेस क्वालिटी सहित नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उप अभियंता हरि शंकर साहू, विकास दमाहे सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## वार्ड परिक्रमा : समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# वार्ड 22 कुरुद बदहाल, नालियां जाम, सड़कें टूटी हुईं, हर तरफ गंदगी, नहीं दे रहे ध्यान

### नागरिक हर रोज झेल रहे हैं परेशानी, शिकायत का भी असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन 2 के वार्ड 22 कुरूद में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। नालियों पर कब्जा, महीनों से सफाई न होना और सड़कें टूटने की वजह से लोग रोज परेशानी झेल रहे हैं। चंदूलाल चंद्राकर मार्ग की हालत सबसे खराब है। नालियां जाम हैं और गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। कई इलाकों में बदबू से रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने इन मूलभूत समस्याओं से जल्द निजात दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

कुरूद बस्ती वार्ड में लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परिशानियों से जूझ रहे हैं। कहीं जर्जर सड़क, कहीं बजबजाती नालियां तो कहीं अवैध कब्जों ने वार्ड वासियों का जीना दूभर कर दिया है।

यह समस्याएं रातों रात उत्पन नहीं हुई। लंबे समय से देखरेख के अभाव में यह स्थिति निर्मित हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। वार्ड की पार्षद महिला हैं, लेकिन लोगों का आरोप है कि पार्षद के बजाय उनके पति ही सारा कामकाज देखते हैं। पार्षद अक्सर दिखाई नहीं देतीं और समस्याएं जस की तस पड़ी रहती हैं। कुरूद बस्ती के दूसरे हिस्से में नाली नहीं होने से पानी सीधे खेतों में जा रहा है। इससे किसानों को भी नुकसान हो रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कुछ महिलाएं कलेक्टोरेट तक पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुकी हैं, लेकिन नाली निर्माण और अवैध कब्जों को हटाने की दिशा में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। वहीं ढांचा भवन दुर्गा मंदिर प्रांगण में शाम होते ही असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहा है। लोगों ने पुलिस गश्ती की मांग की है। वार्ड के लोगों ने महिला पार्षद पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की है।



नाली का गंदा पानी नकटा तालाब में मिल रहा है।



दुर्गा मंदिर प्रांगण के पास सड़क बहता गटर का पानी, आवाजाही बंद।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

दुर्गा मंदिर प्रांगण के पास रहने वाले लोगों का धैर्य अब टूट चुका है। सकीना और अन्य महिलाओं ने बताया कि नालियों पर अवैध कब्जा इतना बढ़ गया है कि पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। वर्षों से यही हालत है। पानी जमने से सड़क गटर जैसी बन गई है और आवाजाही बंद हो चुकी है। महिलाएं कई बार शिकायत कर चुकी हैं। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद निगम की टीम तो पहुंची, लेकिन सिर्फ देख कर लौट गई। काम आज तक शुरू नहीं हुआ। वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही नाली, सफाई और सड़क नहीं सुधरे तो इस बार चुनाव में मतदान से दूरी बनाकर विरोध दर्ज करेंगे।



खम्हरिया जानी वाली मुख्य मार्ग जर्जर।

### खेतों में जा रहा नाली का पानी

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल अस्पताल जाने वाला रास्ता इतना खराब हो चुका है कि उसे देख कर ही पता चलता है कि यहां विकास की कोई परवाह नहीं की गई। सड़क-जगह जगह से टूट चुकी है। उबड़ खाबड़ सतह पर पैदल चलना भी मुश्किल है। मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। एंबुलेंस तक धीरे चलने को मजबूर है। समस्या सिर्फ सड़क की नहीं है। थोड़ी दूरी के बाद नाली ही गायब हो जाती है। इसकी वजह से गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है। कई जगह पानी खेतों की ओर बह रहा है, जिससे किसान भी परेशान हैं। धूल की समस्या अलग है। आसपास रहने वाले लोग रोज धूल खा रहे हैं। लगातार उठने वाली धूल और जाम नालियां पूरे इलाके की हालत और खराब कर रही हैं। वार्डवासी जल्द से जल्द सड़क और नाली निर्माण की हैं। **-अनिता साहू,** पार्षद वार्ड 22 कुरूद बस्ती

## नेशनल लोक अदालत की तैयारियां शुरू, वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों के साथ हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला एवं सत्र न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों एवं उनके अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य लंबित वसूली प्रकरणों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत चेक बाउंस के प्रकरणों के प्रभावी निराकरण, आपसी सहमति से समझौता प्रक्रिया को बढ़ावा देने तथा लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के समाधान को सुनिश्चित करना था। न्यायाधीशों ने कहा कि जिन प्रकरणों में समझौते की संभावनाएं हैं, उनमें पूर्व तैयारी कर समझौता प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए, पक्षकारों से समन्वय स्थापित कर उन्हें लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। छोटे ऋण, वाहन ऋण, उपभोक्ता ऋण एवं अन्य वसूली संबंधी मामलों में लचीला दृष्टिकोण अपनाते हुए यथासंभव समझौते की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए तथा लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों की सूची समय से न्यायालय को उपलब्ध कराई जाए। फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों एवं अधिवक्तागण ने उक्त बैठक में इस संबंध में आश्वत किया कि वे लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों को निराकरण हेतु प्रस्तुत करेंगे तथा समझौता प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि नेशनल लोक अदालत न्याय प्रदान करने का एक सहज एवं सुलभ माध्यम है, जिसके माध्यम से पक्षकार कम समय एवं न्यूनतम खर्च में अपने विवादों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि इस बार भी अधिक संख्या में मामलों का निराकरण कर न्यायपालिका की इस जनहितकारी पहल को सफल बनाया जाएगा। अंत में बैठक का समापन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दुर्ग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव, विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के अधिकारीगण एवं उनके अधिवक्तागण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण, न्यायालय एवं प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

- **मुख्य न्यायाधीश ने ली लंबित मामलों की जानकारी**

## सुराना कॉलेज में एनसीसी दिवस मनाया



**दुर्ग।** सेठ आरसीएस आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में एनसीसी दिवस का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि वीरेंद्र शुक्ला शासी निकाय अध्यक्ष दाऊ ररु प्रसाद विद्यालय थे । मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि ने एनसीसी के महत्व एवं उसकी विशेषताओं के बारे में कैडेटों को बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनसीसी एकता, अनुशासन एवं नेतृत्व के प्रतीक को दर्शाता है। इसके पश्चात कैडेटों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। एकता के प्रतीक स्वरूप सभी राज्यों की विशेषताओं को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के एनसीसी सीटीओ पवनदीप कौर, दाऊ ररु प्रसाद विद्यालय से कैप्टन पूनम बघेल, आदर्श कन्या स्कूल से कैप्टन ममता एवं 85 से अधिक एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे ।

### डीयू में संविधान दिवस पर लिया संकल्प

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं शपथ ग्रहण से हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय तिवारी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान में निहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। प्रो. तिवारी ने कहा कि कहा कि अधिकार के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्य का पालन पहले करना चाहिए यदि हम अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते है।

## लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर व निर्बल के बल हैं गांधी के राम : रघु ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गांधीवादी विचारक और सामाजिक चिंतक रघु ठाकुर सोमवार को भिलाई प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान दशहरा मैदान रिसाली स्थित योग परिसर में गांधी जी के राम विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

- **दशहरा मैदान रिसाली योग परिसर में कार्यक्रम**



उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी समतामूलक समाज लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर व निर्बल के बल थे। उन्होंने राम भरत के संवाद को लेकर बताया कि श्री राम अपने राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना करना चाहते थे, और प्रजा में कोई भुखमरी ना हो कानून व्यवस्था बनी रहे एक दूसरे को समान रूप से देखने की बात कही, राजा के अंदर आलोचना को भी सुनने का गुण होना चाहिए और उसे दूर करना चाहिए गांधी अपनी आलोचना सुनते थे और उसे पर प्रति उत्तर भी करते थे।उन्होंने महात्मा गांधी और उनके आश्रम में हुए एक घटना को लेकर कहा कि कस्तूरबा गांधी ने अपने पुत्र मोह में अन्य शिष्यों को छोड़कर अपने पुत्र को घी दे दिया इस बात की शिकायत महात्मा गांधी से की गई तब उन्होंने कस्तूरबा को दंड दिया।

गांधी प्राकृतिक चिकित्सा के पक्षधर थे। तुलसीदास की चौपाइयों को याद करते हुए बताया दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि ब्यापा, प्रजा को इन तीन कासन से दूर रहना चाहिए यह राजा का कर्तव्य होता है। उक्त अवसर पर तरुणा देशमुख,टीनल हरदेल,श्याम राय,सुरेंद्र कुमार साहू,ऋषि प्रसाद देशमुख, लीलेश्वर देशमुख,दुर्ग जिला अध्यक्ष तोरन लाल देशमुख, कुंवर सिंह देशमुख चुनेश्वर साहू, एसके गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस 2025 पर अमृत सरोवरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित

# एक प्रण, जल संरक्षण के लिए लोगों को भी करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संविधान दिवस पर जिले के मनरेगा श्रमिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजन ने अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। सभी ने एक प्रण जल संरक्षण की शपथ लेते हुए सरोवर की साफ-सफाई में श्रमदान किया। तटों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिले में मनरेगा के अंतर्गत अब तक 123 अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं, जिनमें जनपद पंचायत धमधा 50, दुर्ग 36 और पाटन 37 शामिल हैं। इन सरोवरों के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ वृक्षारोपण, सिंचाई, सब्ज़ी उत्पादन एवं मत्स्य पालन जैसी आजीविका गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं मूल्यों पर चर्चा की गई। युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा सामूहिक गाद निकासी, पौधारोपण और स्वच्छता गतिविधियों में सभी ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





### पंचायतों में अलग-अलग कार्यक्रम जागरुकता का दिया संदेश

जिले के अलग-अलग पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जागरुकता का संदेश दिया गया। धमधा के ग्राम पंचायत खैरझिटी में सरपंच ढालेश्वरी वर्मा, सचिव रूपेश वर्मा, पूर्व सरपंच मोतीराम वर्मा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। वहीं पाटन के सिकोला में सरोवर नवीनीकरण कार्य एवं जल संरक्षण गतिविधियों में सरपंच गीतेश्वरी सपहा, सचिव दिनेश साहू, जनप्रतिनिधि लोकेश बंछोर, ललित साहू, मोतीराम सपहा, जितेंद्र ठाकुर मौजूद थे। कोलिहापुरी शीतला तालाब में सरपंच ईश्वर प्रसाद साहू, सचिव श्री निमेष भोयर, जनप्रतिनिधि पूना राम साहू की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। संविधान दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और सामुदायिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

## बाल मधुमेह पर स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ ने एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रभावी उपचार और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ ने जिले के मितानिन समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शहर के निजी रेस्टोरेंट में किया ।

इस कार्यशाला का उद्देश्य समस्त मितानिन समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को टाइप-1 डायबिटीज का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव और इसकी जल्द से जल्द पहचान की जाए जिससे उनके अनुरूप इलाज और विभिन्न पहलुओं के बारे में तकनिकी जानकारी भी प्रदान करना था, ताकि वे अपने-अपने स्तर पर



बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें इसके साथ ही, मुख्य रूप से टाइप-1 टायबिटीज की पहचान, उपचार व प्रबंधन, काउंसलिंग, रोगी को सहायता, समूह की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और टाइप-1 टायबिटीज से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ गजेन्द्र सिंह ने इस दौरान कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग और स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रशिक्षण में शतप्रतिशत सहभागिता निकट भविष्य में रोगियों के लिए विशेष लाभकारी होगा। उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजन में शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ दीपक निराला, सचिव सहायक प्रियंका यादव सहित उन्मुखीकरण कार्यशाला में 90 प्रतिभागी भाग लियें।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के 26 हितग्राहियों का ऋण स्वीकृत

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवास ऋण मेला का शिविर लगाया जा रहा है। बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडर मांगलिक भवन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर विगत 28 अक्टूबर को आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया था। इसमें स्वतंत्र बैंक, इजी होम फाइनेंश बैंक, आवास लोन फाइनेंश बैंक और जना स्माल फाईनेंश बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के 130 हितग्राही आवास ऋण मेला में भाग लिये थे, जिसमें से 26 हितग्राहियों का ऋण 1 माह में स्वीकृत कर दिया गया है। अब इन हितग्राहियों को स्वयं के मकान पाने का सपना पुरा हो जाएगा। निगम आयुक्त के अनुसार 1 दिसंबर को आयोजित आवास ऋण मेला में शामिल होकर आवास ऋण के लिए बैंक के कर्मचारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते है।

## पेज 9 के शेष

### विद्युत विभाग की ...

तथा तकनीकी कर्मचारी की 12 टीम बनाकर बेमेतरा शहर, बेमेतरा ग्रामीण बालसमुद एवं राका में लाइन विच्छेदन एवं बकाया राशि की वसूली की कार्रवाई में जुटी हुई है । विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गुलाब राम साहू ने बताया कि बकाया राशि वसूली कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी एवं उनके द्वारा उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि अपने बकाया राशि की तत्काल भुगतान कर देवे जिससे कि लाइन विच्छेदन की कार्यवाही से बचा सके ।

### बेमेतरा के किसानों...

को हटाते हुए सीधे बुवाई करने में सक्षम हैं, जिससे खेत की उर्वरता भी बनी रहती है। पराली को गोशालाओं को दान करने, बायोगैस संयंत्रों में उपयोग करने या थर्मल पावर प्लांट हेतु एग्रीगेटर्स को बेचने जैसे विकल्पों पर भी किसानों को जानकारी दी गई। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा सुझाए गए इन-सिटू और एक्स-सिटू प्रबंधन तरीकों की जानकारी भी साझा की गई। किसानों को यह भी बताया गया कि पराली प्रबंधन के लिए सरकार विभिन्न अनुदान योजनाएं चला रही है, जिससे मशीनों की उपलब्धता और उपयोग आसान हो रहा है। जिला प्रशासन ने किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाकर पराली न जलाने और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देशों और पराली जलाने पर लगने वाले जुर्मानों के बारे में भी किसानों को मौके पर ही अवगत कराया गया।

**ये रहे उपस्थित:** इस जागरूकता कार्यक्रम में विकासखंड साजा के वरिष्ठ कृषि अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति बीजा के अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, ग्राम कोटवार तथा कृषकगण राधे साहू, नाथू साहू, मुकुंद ध्रुव, राजेन्द्र सेन और जलेश्वर ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भिलाईनगर स्टेशन का इतिहास छिपा रही रेलवे, कांग्रेस करेगी विरोध

**पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, राजीव गांधी और बर्मा के प्रधानमंत्री आ चुके स्टेशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के रिनोवेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है। लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। खबर है कि जल्द ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करने जा रहे हैं।

इस बीच भिलाईनगर रेलवे स्टेशन का इतिहास खंगाला जा रहा है। कुछ जानकारियां छिपाई जा रही है। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से कभी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, बर्मा के प्रधानमंत्री यूनू और राजीव गांधी भी आ चुके हैं। यादों से जुड़े तथ्यों का भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में कहीं उल्लेख ही नहीं किया जा रहा है। यहां लगाए गए डिस्प्ले बोर्ड में भी कई गलतियां हैं, जो रेलवे की घोर लापरवाही है। डिस्प्ले बोर्ड की शुरुआती लाइन में 1888 में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन की शुरुआत बताई गई है, जो पूरी तरह गलत है। वास्तविकता यह है कि 1888 में राजनांदगांव से रायपुर तक रेलवे लाइन बिछाई जा चुकी थी, लेकिन यहां तब के सुपेला गांव में कोई रेलवे स्टेशन अस्तित्व में नहीं आया था। इस बोर्ड में 1972 में मैत्री बाग का उद्घाटन बताया जा रहा है, जबकि 1972 में मैत्री बाग शुरू हुए 10 साल हो चुके थे। 1972 में चिड़ियाघर चालू हुआ है न कि मैत्री बाग। सबसे बड़ी या जानबूझकर की गई चूक यह है कि यहां प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति उतर चुके हैं, लेकिन इस बात का कहीं उल्लेख नहीं है।



### 16 दिसंबर 1956 को नेहरू आए थे भिलाई

जानकारी के मुताबिक 16 दिसंबर 1957 को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, बर्मा के प्रधानमंत्री यू नू और 14 वर्ष के राजीव गांधी राउरकेला से ट्रेन में सवार होकर इसी रेलवे स्टेशन पर उतरे थे, तब इसे सुपेला रेलवे स्टेशन कहा जाता था। इसी तरह 4 फरवरी 1959 की सुबह देश के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद भी राउरकेला से ट्रेन के सफर में आकर इसी रेलवे स्टेशन पर विशेष ट्रेन से उतरे थे। उन्होंने भिलाई की पहली ब्लास्ट फर्नेस का उद्घाटन किया था। यह दोनों ऐतिहासिक तथ्य भी डिस्प्ले बोर्ड से गायब है।

### अमृत भारत स्टेशन का किया गया कायाकल्प

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों को पुनर्विकसित कर उन्हें यात्री सुविधाओं, संरचना, प्रौद्योगिकी और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में आधुनिक और भविष्योन्मुख बनाना है। इस योजना के अंतर्गत कई बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे बोर्ड द्वारा आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर जैसी अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं दने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों का चयन इस योजना के तहत किया गया है। इसमें दुर्ग जिले से पावर हाउस, भिलाईनगर, दुर्ग स्टेशन शामिल हैं। भिलाई का कार्य करीब 8 करोड़ में किया गया है। स्टेशन में महिलाओं के लिए वेटिंग एरिया, दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप और एस्केलेटर, वेटिंग हॉल, स्वच्छ शौचालय, डिजिटल सूचना प्रणाली और वाई-फाई जैसी सुविधाएं हैं।

**यह देश के महापुरुषों का अपमान**

भिलाई स्टेशन को लेकर जो जानकारी आई है, उससे पता चला है कि देश के महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है। कांग्रेस इसे बर्दास्त नहीं करेगी। इसका विरोध किया जाएगा। इस बारे में अधिक जानकारी ली जा रही है।

-मुकेश चंद्राकर, अध्यक्ष भिलाई कांग्रेस

## जोन आयुक्त ने बताया अवैध, फिर भवन अनुज्ञा अधिकारी नहीं कर रहे निर्माण रोकने की कार्रवाई

# वाह रे निगम, कलेक्टर के निर्देश पर जिस सीमा तक अतिक्रमण तोड़ा, अब उसी सीमा में बन रहा डी-मार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**हरिभूमि सरोकार**

भिलाई नगर निगम मुख्यालय के ठीक सामने लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के पास काफी बड़े भू-भाग में कामर्शियल बिल्डिंग बन रही है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि वहां डी-मार्ट का निर्माण किया जा रहा है। इस बिल्डिंग का निर्माण सरकारी यानि सड़क की जमीन पर 85 फिट तक बेजा कब्जा करके किया जा रहा है। जब निगम के अधिकारियों ने इस पर कोई आपत्ति नहीं की तो हिंदू युवा मंच ने इसका विरोध किया और निगम व जोन आयुक्त ज्ञापन देकर इस पर कार्रवाई की मांग की है।

हिंदू युवा मंच के भिलाई महानगर अध्यक्ष कमल रणदिवे और वैशाली नगर के अध्यक्ष अजय यादव ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर निर्माणाधीन बिल्डिंग के बगल से स्थित महेंद्रा शो-रूम के बिल्डिंग की जांच की गई थी। निगम के जोन- 1 के आयुक्त अजय राजपूत ने खुद खड़े होकर नाम कराई और पाया कि महिंद्रा शो-रूम का भवन तो ठीक बना है, लेकिन उसका जो पार्किंग एरिया बनाया गया है वो अवैध है। इसके बाद निगम की टीम ने उस अतिक्रमण को तोड़ा था।

इस घटना के बाद निगम के अधिकारियों से महिंद्रा शो-रूम संचालक ने सांठगांठ करके फिर से वहां पार्किंग का निर्माण कर लिया। हद तो यह हो गई की हाल ही में सुधीर एक्सरे के बगल से पड़ी खाली जमीन जो कि 32308.41 वर्गफुट है, उसमें डी-मार्ट के लिए व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। यह जमीन पहले किसी खेमलाल मध्यानी की जमीन थी, जिसे उन्होंने बेच दिया है। निर्माण करने वाले ने बिल्डिंग का निर्माण सर्विस रोड से ठीक बगल से संटाकर शुरू किया है, जबकि वहां से लगभग 85 फिट अंदर तक सरकारी जमीन पार्किंग के लिए छोड़ी गई है। हिंदू युवा मंच ने निगम के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि इस पर कार्रवाई कर निर्माण को नहीं रोका गया तो वो लोग उग्र आंदोलन करेंगे।



### अस्पताल जाने के रास्ते में लगेगा जाम

जिस सर्विस रोड की जमीन पर कब्जा करके डी-मार्ट बन रहा है, वो 200 बिस्तर वाले लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय को सीधे जोड़ती है। वहां से मरीजों को लेकर एंबुलेंस का आनाजाना होता है। ऐसे में यदि सर्विस रोड की सड़क पर कब्जा करके बिल्डिंग बनी तो भविष्य में यह रोड पार्किंग की भेंट चढ़ जाएगी और सड़क पर आना जाना मुश्किल होगा।

### आंख मूंदकर निकल जाते हैं पार्षद

यह जो प्लॉट है वह वार्ड 17 का क्षेत्र है और यहां के पार्षद कांग्रेस पार्टी के नेता लालचंद वर्मा हैं। वो शहर सरकार में मंत्री भी हैं। उनका खुद का कार्यालय इसी बिल्डिंग के बगल से होकर जाने वाले रास्ते में आता है। वर्मा रोज इस सड़क से आना-जाना करते हैं, लेकिन उन्होंने इसको लेकर आवाज नहीं उठाई। उनका कहना है कि यह काम निगम का है, उनका नहीं।

**जांच कर की जाएगी कार्रवाई**

सुपेला में जो डी-मार्ट के लिए भवन बन रहा है उसमें सरकारी जमीन पर निर्माण होने की सूचना मिली है। उसकी जांच की जाएगी और गलत निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

-अजय सिंह राजपूत,
आयुक्त, जोन-1, नगर पालिक निगम भिलाई

# श्रमिकों और किसानों के हक पर डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ सीटू ने बीएसपी के गेटों पर मजदूरों किसानों के बीच की नुक्कड़ सभाएं

संयुक्त ट्रेड यूनियन और किसान सभा द्वारा श्रम संहिताओं व कृषि कानूनों के खिलाफ संविधान दिवस पर देशव्यापी विरोध अभियान के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के जोरातराई पर मजदूरों के बीच नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद डुंडेरा, पुराई एवं और मैत्री गार्डन चौक मरोदा में नुक्कड़ सभाएं हुईं। यूनियन नेताओं ने कृषि कानूनों वे श्रम संहिताओं को जन विरोधी बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की।

यूनियन नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने 2020 में जिन तीन कृषि कानून को संसद में पारित कर किसानों पर थोपने की कोशिश की थी उससे किसान न केवल बर्बाद हो जाते बल्कि बड़े पूंजी पतियों के गुलाम बना दिए जाते । इसके खिलाफ किसानों ने 26 नवंबर 2020 में एक साल तक आंदोलन किया जिसके फलस्वरुप मोदी सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेना पड़ा। इन तीनों कृषि कानून में से पहले कानून में कहा गया कि किसानों को धान बेचने के लिए मंडियो में जाने की आवश्यकता नहीं है, वे सीधे साहूकार अथवा बड़े पूंजीपतियों को अपना ध्यान दे सकते हैं। यूनियन के मुताबिक यदि यह व्यवस्था लागू होती तो किसानों को मंडियों के माध्यम से मिलने वाला न्यूनतम समर्थन मूल्य तो नहीं मिलता। वहीं दूसरे कानून में कहा गया कि बड़े पूंजीपति छोटे किसानों के साथ उनकी जमीन को लेकर कांट्रैक्ट फार्मिंग करवाएंगे ।इस व्यवस्था के लागू होने से बड़े पूंजी पतियों के कहे अनुसार फसल ना पैदा होने पर कॉन्ट्रैक्ट में लिखे गए पैसे को फसल के दाम के रूप में नहीं दिए जाने का प्रावधान था ,जिसका पूंजीपति हमेशा फायदा उठाता। वहीं तीसरे कानून में जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए 1955 में ले गए कानून को खत्म करने की बात कही गई थी।

**मेहनतकशों के हक पर डाका :** यूनियन नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार 2019 में पारित किए गए वेज कोड बिल एवं 2020 में पारित किए गए बाकी तीनों श्रम कोड को 2020 से ही लागू करने की कोशिश कर रही थी लेकिन मजदूरों के जबरदस्त आंदोलन के चलते देश के श्रमिकों पर थोप नहीं पा रही थी, जैसे ही बिहार का रिजल्ट आया उसने अपने सरकार की स्थिरता को देखते हुए जबरदस्ती उन चारों श्रम कोड को अधिसूचित कर दिया। काम के घंटे को 8 से बढ़कर 12 करने, महिलाओं को रात्रि पाली में संयंत्र के अंदर काम करवाने, ओवरटाइम को मालिकों के रहमो करम पर, निश्चित अवधि के लिए रोजगार देने, 60 वर्षों वाली पूर्ण रोजगार को खत्म करने, 300 से ज्यादा मजदूर होने पर ही फैक्ट्री एक्ट लागू होने, फैक्ट्री में छटनी, तालाबंदी को लेकर नियम बनाए गए हैं।

# सूने मकान से लाखों के कीमती जेवर पार, सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**भतीजे ने पुलिस को दी सूचना**

सूने मकान से लाखों रुपए कीमती ज्वेलरी चोरी हो गई। मामला शंकर नगर थाना कुम्हारी क्षेत्र का है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बीते एक महीने से बिलासपुर साइट पर तैनाती की वजह से बाहर थे। 23 नवंबर की देर रात चोरी की यह वारदात सामने आई। रिसाली निवासी अतुल कुमार (55 वर्ष) ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। अतुल ने बताया कि 30 अक्टूबर से उनके चाचा चन्द्रप्रकाश काम के सिलसिले में बाहर हैं। 23 नवंबर को मकान मालिक रतन कुम्भकार ने फोन पर बताया कि किराए के घर का दरवाजा खुला है और कुंडा टूटा हुआ लग रहा है। सूचना मिलते ही अतुल मौके पर पहुंचे। घर के भीतर दाखिल होते ही उन्हें सामान बिखरा हुआ दिखा। अलमारियां खुली थीं और लॉक तोड़ा गया था। जांच के दौरान पुलिस को पड़ोसी पंकज चावला के सीसीटीवी में एक संदिग्ध दिखा। पुलिस ने वीडियो सुरक्षित करते हुए आरोपी की पहचान की कोशिश कर रही है। 25 नवंबर को चन्द्रप्रकाश खुद कुम्हारी पहुंचे और चोरी हुए सामान की सूची पुलिस को सौंपी। उनके अनुसार चोरी गए जेवरातों में दो सोने की चैन 3 तोला, चार सोने की अंगूठियां, चार सोने की चूड़ियां, दो जोड़ी सोने की बालियां, चांदी की पेन, दो जोड़ चांदी की पायल 8 तोला, छह चांदी की बिछिया शामिल हैं।

# बिजली बिल की बढ़ोत्तरी, युवा कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग




■ शनिचरी बाजार से निकाली रैली

शहर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आयुष शर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित सिंह पठानिया व सह प्रभारी मोनिका मंड्रे की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ में बिजली बिल की बढ़ोतरी के विरोध में मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन कर राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

शनिचरी बाजार दुर्ग से रैली पांच कंडिल, मोती कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, पुराना बस स्टैंड होते हुए पटेल चौक तक पहुंची। रैली में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रवक्ता नासिर खोखर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आयुष शर्मा, अनूप वर्मा, प्रेमलता साहू, निकिता मिलिंद, हेमा साहू मौजूद थे। अमित पठानिया ने कहा बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि बिजली में सरप्लस रहने वाला राज्य छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला राज्य छत्तीसगढ़, कम लागत में बिजली बनाने वाला राज्य छत्तीसगढ़, सबसे ज्यादा कोयला खदान वाला राज्य छत्तीसगढ़ उसके बाद यहां की जनता को दो से तीन गुनी बिजली महंगी देकर राज्य की भाजपा सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। सरकार अपने फैसले वापस ले, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने किसान कांग्रेस कल करेगी प्रदर्शन

**पाटन।** दुर्ग जिले के सबसे बड़े धान खरीदी केंद्र रानीतराई में लिमिट कम होने के कारण धान खरीदी में तेजी नहीं आ रही है किसान धान नही बेच पा रहा है किसान एक माह मिजाई कर खुले रखे हुए है। कई किसान सड़को में रखा हुआ है किसान के लिमिट कम होने के कारण 12 बजे से ही सोसाइटी खाली हो जाते हैं। यहां तक पिछले कार्यकाल में खरीदी केंद्र में 6000 क्विंटल धान खरीदी ली जा रही थी इस बार शासन ने 1600 लिमिट बना दिया गया है। जिस से किसान सुबह से शाम तक ऑनलाइन काटने के भटक रहे हैं लिमिट कम होने के कारण किसान भारी परेशान है क्षेत्र के किसानों ने बताया कि लिमिट कम होने के कारण धान खरीदी में तेजी नहीं हो रही है। समिति के अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि लिमिट बढ़ाने के लिए मांग की गई है।

## संविधान से संबंधित प्रश्नों का विद्यार्थियों ने दिया जवाब



**जामुल।** डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।प्राचार्य डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि इस साल का थीम हमारा संविधान-हमारा अभिमान था। विद्यार्थियों को संविधान के निर्माण का इतिहास, उनकी विशेषताएं एवं संविधान के लक्ष्य, उद्देश्य और वर्तमान में चुनौतियों संबंधी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी में कुमारी जिज्ञासा रानी, वंदना साहू, रूबी साहू, प्रेम कुमार, प्रिंस कुमार, रिया वर्मा, रूबी साहू, सपना एवं अमन साहू ने अच्छा प्रदर्शन गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में मना 'बाल विवाह निषेध दिवस'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'बाल विवाह निषेध दिवस' मनाया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने जिला स्तर परियोजना समन्वयक के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक संस्थानों तक पहुँचकर बाल विवाह के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया और सभी को शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर बेमेतरा जिले के शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस थानों, छात्रावासों, बाल देखरेख संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों सहित सभी चिन्हांकित स्थानों पर बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। जिले के उच्च अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाल विवाह के विरुद्ध समर्पण का संकल्प लिया।

### 100 दिवसीय अभियान से बदलेगी सामाजिक सोच

यह अभियान 100 दिनों तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य बच्चों, किशोर-किशोरियों एवं महिलाओं को सुरक्षित भविष्य देना, समाज को बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई से मुक्त करना, सरकारी सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना, गाँव-गाँव संवाद, कार्यशालाएँ, रैली, चौपाल और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाना जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सामूहिक पहल है, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध आगे आएँ, हर बच्चे के शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य को प्राथमिकता दें और बाल विवाह मुक्त बेमेतरा बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

**लंबे समय से ट्रांसपोर्टर अंडरब्रिज व ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग कर रहे**

# ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में दुर्घटना को दावत दे रहा नो मेंस रेलवे क्रॉसिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में भिलाई से नंदिनी माइंस गुड्स रेलवे लाइन पर मानव रहित रेल फाटक वाहनचालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इस व्यस्ततम मार्ग पर वर्षों बाद भी जाम के साथ कई तरह की दिक्कतों से उद्यमियों, ट्रांसपोर्टरों सहित हजारों वाहन चालकों को जूझना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने यहां अंडरब्रिज व ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र हथखोज - कुम्हारी मार्ग चौबीस घंटे व्यस्त रहता है। यहां से भिलाई इस्पात संयंत्र से नंदिनी रेलवे लाइन गुजरती है और माल गाड़ी से संयंत्र के लिए कच्चे माल की ढुलाई होती है। हथखोज में रेलवे लाइन पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर वर्षों बाद भी रेलवे फाटक नहीं है और किसी रेलवे कर्मचारी की तैनाती भी नहीं है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि भिलाई दुर्ग में सभी रेलवे क्रासिंग पर रेल फाटक है । अधिकतर में ओवर ब्रिज और अंडरब्रिज भी बन गए हैं। लेकिन साठ साल बाद भी यहां रेलवे फाटक लगाया गया है और न ही ब्रिज का ही निर्माण किया गया है। इसका खामियाजा औद्योगिक क्षेत्र व ट्रांसपोर्टरों सहित इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहनचालकों को भुगतना पड़ रहा है। माल गाड़ियों के गुजरने के दौरान लंबा जाम लग जाता है।



### बार-बार जाम और दुर्घटनाएं

औद्योगिक क्षेत्र और कुम्हारी मार्ग सुबह से देर रात तक व्यस्त रहता है। यहां से औद्योगिक क्षेत्र भिलाई व ट्रांसपोर्टनगर सहित भिलाई दुर्ग से कुम्हारी होकर रायपुर या आसपास के गांवों के लिए भी आवागमन होता है। रोज दस हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। छग ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि हथखोज में रेलवे क्रासिंग पर माल गाड़ियों के गुजरने के समय जाम लगता रहता है। जाम में ट्रकें, हाइवा सहित आम वाहनों के फंसने से लोगों को भी दिक्कतें होती हैं। कई बार एंबूलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी जाम में फंसी रहती है। दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। समस्या के निदान के लिए फौरी तौर पर माल गाड़ियों के गुजरने का समय निर्धारित किए जाने के साथ यहां ओवर ब्रिज या अंडरब्रिज निर्माण कराने की जरुरत है। इसकी मांग पूर्व में प्रशासन से की जा चुकी है। जल्द ही कलेक्टर से मिलकर समस्या के निदान की मांग की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



## नांदघाट महाविद्यालय में मना जनजातीय गौरव समारोह

**नांदघाट।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह के अंतर्गत 17 नवंबर से आयोजित कार्यक्रमों का समापन 27 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनीष जायसवाल (अध्यक्ष जिला सहकारी समिति) और विशिष्ट अतिथि श्री राजु अमन पात्रे (सरपंच ग्राम पंचायत नांदघाट) उपस्थित थे। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नम्रता पांडे द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा और अतिथियों के स्वागत उद्बोधन के साथ हुई। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके पश्चात जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और इतिहास पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## चिचोली में क्रिकेट का रोमांच



**नांदघाट ।** ग्राम पंचायत चिचोली में चिचोली सुपर किंग क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हुई। समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच रामचरण ध्रुव, बेदु राम साहू,गिरीश ध्रुव,प्रमोद सेन,भोलू बबलू ध्रुव महेश बाबू विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच करहूल व बगउद टीम के बीच खेला गया। करहूल टीम 28 रन से विजयी रही। आयोजक रवि, गांधी राम यादव मनोज चेलक ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है।

## जलग्रहण विकास कार्यों में भागीदारी बढ़ाने के लिए होगा आयोजन

**बेमेतरा।** वाटरशेड महोत्सव 2025 के अंतर्गत सोशल मीडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 12 नवम्बर से 31 दिसबर तक जलग्रहण विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और राज्य सरकार की अन्य जलग्रहण विकास योजनाओं के तहत जलसंचयन संरचनाओं, बागवानी और कृषि वानिकी वृक्षारोपण जैसे विकास कार्यों से संबंधित रील्स एवं फोटोग्राफ्स पर आधारित कंटेंट तैयार करना हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को वेबसाईट पर पंजीकरण करना होगा और सोशल मीडिया पर निर्धारित हैशटैग के साथ कंटेंट पोस्ट कर उसके लिंक को ऑनलाइन जमा करना होगा।

### कार्यक्रम : सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साह और ऊर्जा का संगम

# सप्तशक्ति संगम में गूंजा महिला जागरण का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को आयोजित सप्तशक्ति संगम (मातृ सम्मेलन) उत्साह, ऊर्जा और सांस्कृतिक गरिमा के अद्भुत संगम के रूप में संपन्न हुआ। मातृशक्ति को समर्पित इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य—कुटुंब प्रबोधन, भारतीय संस्कृति का संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गा सोनी (पूर्व प्रांत सह संयोजिका, धर्म रक्षा वाहिनी) उपस्थित रहीं, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु राय (जिला पंचायत सदस्य) ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सपना यादव मंचासीन रहीं।

मुख्य वक्ता दुर्गा सोनी ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण एवं भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषयों पर अत्यंत प्रभावी, सारगर्भित और प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में परिवार ही व्यक्ति का पहला विद्यालय है। संयुक्त परिवार की प्रणाली समाज में स्थिरता और संस्कार दोनों प्रदान करती है। दुर्गा सोनी के उद्बोधन ने सभागार में उपस्थित बहनों को गहन प्रेरणा दी और वातावरण उत्साहपूर्ण बना दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला पंचायत सदस्य मधु राय ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए परिवार में समरसता, एकता और परस्पर विश्वास के महत्व को जीवन्त उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर अत्यंत प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया और बताया कि किस प्रकार एक आदर्श नारी अपने त्याग, ममता और नेतृत्व से पूरे समाज को दिशा दे सकती है। उनकी सरल, संवेदनशील और प्रभावशाली शैली ने मातृशक्ति के मन में गहरा प्रभाव छोड़ा।



**महिला प्रतिभाओं व समाजसेवी माताओं का सम्मान**

कार्यक्रम में— विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं, बीसंयुक्त परिवार में प्रेरक भूमिका निभाने वाली माताओं तथा खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा किए, जिनसे कार्यक्रम में प्रेरणा का संचार हुआ और मातृशक्ति का आत्मबल और अधिक मजबूत हुआ।



**इनकी उपस्थिति ने बढ़ाई गरिमा**

आयोजन में विद्यालय की कांति कुर्रे, मीनू सिंह, संगीता तंबोली, सीता तंबोली, सुशीला मानिकपुरी, अर्चना मृचण्डे, शिवानी बिसेन, साथ ही सीमा यादव एवं रानी देवी उपस्थित रहीं, जिनकी सहयोगपूर्ण भूमिका से कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासनपूर्वक संपन्न हुआ।

# सुरही नदी में पानी की भरपूर मात्रा, किसानों और ग्रामीणों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



परपोड़ी व देवकर के ग्रामीण अंचल में प्रवाहित सुरही नदी में इन दिनों पानी की भरपूर मात्रा देखने को मिल रहा है, जो क्षेत्र के ग्रामीण व किसानों के बड़ी खुशखबरी है। पिछली बार जहां सर्दी का सीजन लगते ही नवम्बर में सुरही नदी सूखते हुए सिमटकर जनवरी में पतली-सी धार में तब्दील हो गयी थी, जो सर्दी सीजन के जाने के पहले ही सुरही नदी का ज्यादातर प्रवाहन क्षेत्र सुख गया था, लिहाजा आलम यह था कि गर्मी में पानी को लेकर जलसंकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

परपोड़ी व देवकर इलाके के ज्यादातर गाँवों में जलस्तर निरन्तर घटने के कारण पेयजलापूर्ति प्रभावित हुई। जिससे शासन-प्रशासन को गर्मी के भीषण दौर में काफी मशक्कत व जद्दोजहद करना पड़ा था। वही इस बार जिला प्रशासन द्वारा कृषि प्रधान बेमेतरा ज़िले जलसंचय व संरक्षण को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश का असर यह है कि अभी सर्द के सीजन में शिवनाथ की सहायक सुरही नदी में पानी का स्तर लबालब देखने को मिल रहा है, अगर आगामी दौर में नदी में पानी की मात्रा लगभग यही स्थिति बनी रहती है तो गर्मी में पानी की किल्लत ज़रा नही होगी। जो ज़िला प्रशासन के पहल व प्रयास का बेहतर परिणाम साबित होगा। फिलहाल सुरही नदी के तटीय इलाकों में पानी की मात्रा देखकर क्षेत्र के किसान सहित अंचलवासी काफी खुश है। विदित हो कि क्षेत्र की लाइफलाइन सुरही नदी साजा विकासखण्ड के सीमावर्ती इलाके में बहने वाली ज़िले की सदाबहार शिवनाथ की सहायक नदी है, जिसमे पानी की मात्रा बढ़ने व घटने से क्षेत्र की जलस्तर निर्भर रहती है। चूंकि सुरही नदी साजा के परपोड़ी क्षेत्र में दनिया गाँव के पास से केसीजी ज़िले से होकर प्रवेश करती है जो दर्जनों गांवों से होकर नगर देवकर होते हुए बेरला ब्लॉक के कुम्हिगुड़ा के पास जाकर शिवनाथ में मिल जाती है, इसी बीच लगभग हर गाँव मे एनीकट व स्टॉपडेम का निर्माण जलसंसाधन विभाग द्वारा बनाया गया है। जिसमे इनदिनों सुरही नदी लबालब देखने को मिल रहा है।

# गौ सेवा आयोग की बैठक में गौवंश संरक्षण और संवर्धन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला स्तरीय गौ सेवा आयोग की बैठक आज अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम कर जिला अध्यक्ष राजा पांडे एवं स्थानीय समिति सदस्य रोहित पटेल, विवके शुक्ला, नांदघाट गवागढ़,जितेन्द्र यदु, गोवर्धन साहू, संस्थान के सदस्य गण मौजूद रहे। बैठक में जिले में गौवंश के संरक्षण और संवर्धन पर व्यापक चर्चा किया गया। जिसमें गौ सेवा धामों के संचालन के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। बैठकों में गौशालाओं की स्थापना, निरीक्षण, अनुदान वितरण, और गौसेवा से जुड़े सदस्यों की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में गौधाम योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, जिसके तहत निराश्रित पशुओं का समुचित देखरेख के साथ व्यवस्थित तरीके से संरक्षण किया जाएगा। जिला और ब्लॉक स्तरीय समितियों को नई गौशालाओं की स्थापना के लिए अनुशंसा और अनुदान स्वीकृति दिया जाएगा।समिति के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर गौशाला की स्थिति जैसे चारा, पानी, चिकित्सा आदि सुविधा का मूल्यांकन किया जाएगा।

बैठकों में गौ धाम संचालन के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों का अनुमोदन कर अविलंब भूमि आबंटन की कार्यवाही करने कहा गया है।बैठक में गौशालाओं के प्रबंधन और संचालन की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा किया गया।गौ संरक्षण और सेवा के महत्व पर जोर दिया गया और ग्रामीण क्षेत्रों को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। गौशालाओं में गायों की देखरेख और संरक्षण के लिए उपाय किए जाएंगे। गोसेवा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया गया। वही जैविक खेती और पंचगव्य उत्पादन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को प्रशिक्षित करने की योजना पर चर्चा हुई। गौमूत्र और गोबर से बनने वाले जैविक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठकों में गोवंश तस्करी को रोकने के लिए निगरानी के साथ कार्य करने पर भी चर्चा की गई।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में यूनिवर्सिटी फेयर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रमुख 10 से अधिक विश्वविद्यालय एक ही मंच पर मौजूदगी रही, जहाँ वे अलग-अलग स्टॉल के माध्यम से विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। इस अवसर का लाभ, कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उठाया। जिसमे विद्यालय के 450 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अलग-अलग करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के मार्ग, विभिन्न कोर्सेज, प्रवेश प्रक्रिया तथा भविष्य की रोजगार संभावनाओं के बारे में स्पष्ट, प्रामाणिक और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एक ही मंच पर विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से मार्गदर्शन, करियर जानकारी और भविष्य की शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। इससे छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही करियर चुनने में मदद मिलेगी ।आयोजन में शामिल इन सभी विश्वविद्यालयों ने विद्यार्थियों को साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिजाइन, फार्मेसी, ह्यूमैनिटीज, लॉ, रिसर्च तथा नई उभरती करियर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृति विकल्प और केम्पस सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। वही पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर एआई , रोबोटिक्स, डाटा साइंस,साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल मार्केटिंग, फॉरेंसिक साइंस, एविएशन एस्ट्रोनॉमी,एस्ट्रोफिजिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों की संभावनाएँ समझीं। विशेषज्ञों से करियर प्लानिंग, विषय चयन और कौशल विकास के महत्व पर मार्गदर्शन लिया। प्रवेश परीक्षा, रुचि परीक्षा तथा पोर्टफोलीओ निर्माण के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव सीखे।

इस दौरान समूह चर्चा और आमने – सामने कि बातचीत के माध्यम से आत्मविश्वास, संवाद कौशल और निर्णय क्षमता को विकसित किया। अपने पसंदीदा क्षेत्रों से जुड़े रियल लाइफ एक्सपीरियंस, प्लेसमेंट रिकॉर्ड्स और इंडस्ट्री कनेक्शन के बारे में प्रेरक जानकारियाँ सुनीं। विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत ब्रोशर्स एवं डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से भविष्य के शैक्षणिक जीवन की स्पष्ट तस्वीर देखी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कैरियर दिशा निर्धारण का एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली अनुभव साबित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने कहा कि आज का यह करियर काउंसलिंग विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने अपने संदेश में कहा कि स्कूल सदैव विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर उनके जीवन एवं करियर दोनों को मजबूत बनाए ओर अपने सपनों को सीमित न करें, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए ज्ञान, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें।




## कलेक्ट्रेट के सहायक ग्रेड-2 हुए सेवानिवृत्त, दी गई भावभीनी विदाई

**बेमेतरा।** कलेक्ट्रेट में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 लाल सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर जिला कार्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, डिप्टी कलेक्टर प्रीतम चौहान सहित जिला कार्यालय के अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने ठाकुर के लंबे कार्यकाल, समर्पण तथा कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र शर्मा (स्टेनो) द्वारा किया गया।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विश्व पदयात्रा टीम पहुंची बेमेतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक टीम ने अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज से की सौजन्य भेंट, डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर भी रहीं उपस्थित। विश्वभर में 4 लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी, गिनीज़ बुक और लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित डेंजरस एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लॉन्गेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट टीम के प्रमुख सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप,महेन्द्र प्रताप एवं गोविन्दा नन्द छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में विश्वशांति विश्वपदयात्रा / रथयात्रा के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं।टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशों में 4 लाख किलोमीटर की पदयात्रा की जा चुकी है। वर्ष 2018 में टीम ने विश्वपदयात्रा के दौरान माउंट एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा भी सफलता पूर्वक पूरी की। यात्रा के दौरान टीम द्वारा अब तक 14 करोड़ 50 लाख पौधों का वृक्षारोपण कराया गया है तथा विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। बताया गया कि टीम अब तक भारत के 600 से अधिक जनपदों में अपनी यात्रा कर चुकी है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा, दमन-दीव एवं महाराष्ट्र के सभी जिलों में अभियान पूरा करने के बाद टीम अब छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में यात्रा कर रही है, जिनमें से 17 जिलों की यात्रा पूर्ण हो चुकी है। अब टीम जिला बेमेतरा में दो दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी।

### शक्ति मंदिर से शुरू हुआ नगर भ्रमण, जयघोष और पुष्पवर्षा से गूंजा माहौल

# नवागढ़ में उमड़ी आस्था की तरंगें, दिव्य कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शुक्रवार का दिन नवागढ़ नगरवासियों के लिए आध्यात्मिक उत्सव लेकर आया, जब शांतिकुंज हरिद्वार से संचालित दिव्य कलश रथ यात्रा नगर की सीमा में पहुँची। जैसे ही कलश यात्रा का रथ शक्ति मंदिर के समीप दिखाई दिया, नगर का वातावरण जयघोष, मंत्रोच्चार और पुष्पवर्षा से पवित्र हो उठा। आज नवागढ़ ने जिस भव्यता और श्रद्धा से कलश यात्रा का स्वागत किया, वह लंबे समय तक याद रखे जाने वाला अध्यात्मिक क्षण बन गया।

कलश रथ सबसे पहले शक्ति मंदिर पहुँचा, जहाँ मंदिर समिति और गायत्री परिवार के सदस्यों ने पारंपरिक विधि से स्वागत किया। दीप प्रज्वलन, कलश की आरती, पुष्प अर्पण कर स्वागत जैसे अनुष्ठानों के बीच रथ को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएँ मंगलगीत गाती रहीं और कलश के आगमन को आध्यात्मिक सौभाग्य के रूप में देखा।



**गौरव पथ पर पुष्पवर्षा से छलक उठा स्वागत का उल्लास–** रथ जैसे ही गौरव पथ पहुँचा, दोनों ओर खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। बच्चों ने हाथों में गायत्री मंत्र वाली तख्तियाँ उठाकर यात्रा के आगे चलकर स्वागत किया। सामाजिक संगठन और आम नागरिकों ने भी जगह-जगह स्वागत कर दिव्य कलश की अगवानी की।

**लोगों में सद्बुद्धि और संस्कार की चिंगारी प्रज्वलित करती है कलश यात्रा–** कलश यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक बसंत कुमार वर्मा ने कहा कि नवागढ़ की जनता ने आस्था और संस्कारों का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह गायत्री परिवार के उद्देश्यों को और शक्ति देता है। दिव्य ज्योति कलश सद्ज्ञान, सद्भावना और सद्बुद्धि का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा अखंड दीप प्राकट्य की शताब्दी और वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्मशताब्दी (2026) के पावन अवसर पर पूरे देश में निकाली जा रही है। इसके माध्यम से समाज में नैतिकता, मानवता और आध्यात्मिक जागरण का अभियान चलाया जा रहा है।

**नशा मुक्ति पर पंडित ओमप्रकाश ठाकुर का सारगर्भित संदेश–** पं. ओमप्रकाश ठाकुर ने कलश यात्रा के स्वागत मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। गायत्री परिवार का यह अभियान समाज को नशामुक्त बनाकर स्वस्थ और संस्कारित भारत की दिशा में अग्रसर है।

उन्होंने युवाओं और अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि कलश यात्रा का दर्शन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि सदाचार और संयम का संदेश भी है।

**विद्यालयों में भी पहुँची कलश यात्रा — बच्चों को कराया गया दर्शन–** यात्रा के अंतिम चरण में रथ सरस्वती शिशु मंदिर और स्वामी विवेकानंद स्कूल पहुँचा, जहाँ विद्यार्थियों को दिव्य कलश का दर्शन, गायत्री मंत्र का महत्व एवं युग निर्माण की अवधारणा के विषय में बताया गया। साहित्य वितरण भी किया गया, जिसे बच्चों ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया।

**इनकी रही सक्रिय उपस्थिति–** स्वागत कार्यक्रम में डीआर साहू (खैरागढ़), चेतनलाल यादव, रमेश वर्मा, वीरेन्द्र जायसवाल, मिंटू बिसेन, बबलू ताम्रकार, राजेन्द्र मिश्रा, राकेश जायसवाल, केके मिश्रा, भुरूवा जायसवाल, निलेश जायसवाल, श्रीकांत शर्मा, संतोष देवांगन, दिलीप जायसवाल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन और नगरवासी शामिल रहे।

